**20/03**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मशहूर बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल कल ईटानगर स्थित इंदिरा गांधी पार्क में लाइव परफ़ॉर्म करने वाली हैं। यह कॉन्सर्ट 'Euphony Voyage 6' म्यूज़िक फ़ेस्टिवल का हिस्सा है। इसी दिन, मुंबई का इंडी बैंड 'Last Minute India' भी ईटानगर में अपनी खास लाइव परफ़ॉर्मेंस प्रस्तुत करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार पल होगा। इस बीच, मशहूर गायक और गीतकार 'जूस्त' इस महीने के आखिर में पापुम पोमा नदी पर होने वाले तीन-दिवसीय 'Papum Poma River Festival' में परफ़ॉर्म करने वाले हैं। यह फ़ेस्टिवल इस महीने की सत्ताइस से उनतीस तारीख तक चलेगा।

0000000000000000000000000

अपर सियांग और अन्य जिलों के विभिन्न हिस्सों में रह रहे कोमकार गांव के लगभग उनतालीस निवासियों ने प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना के प्री-फीज़िबिलिटी रिपोर्ट सर्वे के समर्थन में अपनी सहमति दी है। जिससे कोमकार गांव से PFR सर्वे के समर्थन करने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन सौ छत्तीस हो गई है। नए समर्थकों की सूची को गांव की ओर से ओयांग बोको ने आज यिंगकिओंग स्थित उपायुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर सियांग उपायुक्त तालो जेरांग को सौंपी।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कोमकर गांव के लोगों की सराहना की और PFR प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता, जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने ईद-उल-फितर के पूर्व संध्या पर राज्य वासियों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पवित्र त्योहार सद्भावना, शांति और भाईचारे का संदेश लेकर आएगा तथा सभी समुदायों के बीच आपसी सम्मान और समझ को और मजबूती प्रदान करेगा।

0000000000000000000000000

ज़िला अधिकारी, कैपिटल ईटानगर द्वारा आज जारी एक परिपत्र में जनहित में हेल्पलाइन नंबर '9862024299' जारी किया है, ताकि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की स्थिति को देखते हुए LPG और पेट्रोलियम, ऑयल एवं लुब्रिकेंट (POL) की आपूर्ति की निगरानी और नियंत्रण किया जा सके। इसके तहत आम जनता से अपील की गई है कि एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी और कीमतों में हेरफेर जैसी गतिविधियों की सूचना इस नंबर पर दें। नागरिक व्हाट्सऐप के जरिए फोटो और वीडियो भी साझा कर सकते हैं या icrdfcso@gmail.com पर ईमेल भेज सकते हैं। शिकायतकर्ताओं की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

0000000000000000000000000

तिराप जिले के लिए सितंबर और दिसंबर 2025 तिमाही की जिला परामर्श समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति और जिला स्तरीय स्थायी समिति की संयुक्त बैठक आज खोंसा स्थित उपायुक्त कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त तेचू आरान ने बैंकों, विभिन्न विभागों और अन्य हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि विकासात्मक और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने और जन शिकायतों का समय पर समाधान करने की अहमियत पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000000

ईटानगर कैपिटल रीजन के ज़िला अधिकारी-सह-ज़िला उपायुक्त तोको बाबू ने भूस्खलन और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनज़र अर्थ कटिंग की सभी गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। आदेश में, प्रशासन ने सभी व्यक्तियों और सरकारी एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से मिट्टी काटना बंद कर दें। इस बीच, अतिरिक्त उपायुक्त और सर्कल अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है, साथ ही आवश्यक्ता के अनुसार पुलिस भी तैनात की जाएगी।

आदेश में यह भी कहा गया है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ संबंधित कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई कर FIR दर्ज की जाएगी। निवासियों से भी आग्रह किया गया है कि वे किसी भी उल्लंघन की सूचना जिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ को प्रदान करें।

0000000000000000000000000

ज़ीरो लिटरेरी फेस्टिवल का छठा संस्करण आज सेंट क्लेरेट कॉलेज में शुरू हुआ। यह महोत्सव **पाइनवुड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ लिटरेचर** और लोअर सुबनसिरी जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस साहित्यिक महोत्सव में टॉक्स और पैनल डिस्कशन, कविता, साहित्य, लाइव परफॉर्मेंस, फिल्म निर्माण, गेमिंग और एआई, पॉडकास्ट प्रोडक्शन और मीडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। इसमें अदिति बनर्जी, डॉ. तागे कानो, राधिका विश्वनाथन, समुद्र काजल सैकिया, ज़ैक ओ' यी, सुबी ताबा सहित कई लेखक, कलाकार और क्रिएटर्स भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय यह महोत्सव कल संपन्न होगा।

0000000000000000000000000

आज तिराप ज़िले में LPG, मोटर स्पिरिट और हाई-स्पीड डीज़ल उत्पादों की जमाखोरी, कालाबाज़ारी और कीमतों में हेरफेर की जाँच के लिए एक संयुक्त निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण ज़िला प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग और विधिक माप-विज्ञान एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा किया गया, ताकि ज़रूरी

पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में उचित वितरण सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान, अधिकारियों ने व्यापारियों और उपभोक्ताओं से भी बातचीत की, और निष्पक्ष व्यापारिक तरीकों तथा निर्धारित नियमों का सख्ती से पालन करने के महत्व पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000000